सुविचार

मेहनत और काबिलियत को खामोश रहकर अपना काम करने दें, आपकी सफलता खुद शोर मचाएगी।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 27 | पंचकूला। मंगलवार, 3 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## सीएम नायब सैनी ने पेश किया 2.23 लाख करोड़ रुपए का बजट

### मुख्य रूप से शिक्षा, कृषि और बुनियादी ढांचा विकास पर रहा फोकस

- महिलाओं व बुजुर्गों पर बजट खर्च करेंगे सभी विभाग
- पांच हजार प्रदेश वासियों के सुझाव बजट में शामिल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बतौर वित्त मंत्री सोमवार को दो लाख 23 हजार 658.17 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट पेश किया। इस बजट में शिक्षा, कृषि तथा बुनियादी ढांचा विकास पर फोकस रखा गया है। बजट में 29 हजार 266.62 करोड़ रुपये ब्याज अदायगी राशि के रूप में रखे गए हैं। इसके अलावा पेंशन के लिए 17 हजार 430 करोड़ रुपये आरक्षित रखे गए हैं। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए बताया कि 13 बजट पूर्व बैठकों के माध्यम से कुल 2199 सुझाव तथा एआई चैटबॉट से 12 हजार 400 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से पांच हजार सुझावों को बजट में शामिल किया गया है।

वित्त मंत्री ने बताया कि बजट बनाते समय जहां विजन डाक्यूमेंट 2047 का ध्यान रखा गया है वहीं पांच बिंदुओं का प्रभाव वर्ष 2031 तक के वार्षिक बजट में मिलेग जबकि सात बिंदू चालू वित्त वर्ष से संबंधित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि अगामी सभी बजट जेंडर बेसड और वृद्धजन आधारित होंगे। अगले बजट से सभी विभाग एक निश्चित भाग महिलाओं और वृद्धजनों के लिए आरक्षित किया जाएगा। वार्षिक बजट के अनुसार प्रदेश का राजस्व घाटा बढ़कर 13188.05 करोड़ हो गया है। बजट का खास बात यह है कि वित्त मंत्री ने प्रदेश के लगभग सभी विभागों के लिए घोषणाएं की हैं। हरियाणा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कुल बजट का 98 प्रतिशत हिस्सा खर्च हो चुका है।



### स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में उठाए गए हैं कदम

सीएम ने कहा कि फरीदाबाद जिला अस्पताल को 400 बिस्तर तथा सोनीपत व रेवाड़ी को 300 बिस्तर तक अपग्रेड किया जाएगा। 100 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र, 18 डायलिसिस केंद्र और 70 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। 250 विद्यालयों को सीएम ईईई के तौर पर विकसित किया जाएगा। एमएसएमई के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर तथा गुरुग्राम, खरखौदा और पिंजौर में वेडिंग सिटी स्थापित की जाएगी।

### महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई गति

सीएम ने कहा कि 3 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य, 'पिंक कैब' योजना के तहत वाहन खरीदने एवं प्रशिक्षण लेने के लिए 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण, 4000 नई उचित मूल्य दुकानें खोली जाएंगे, इनमें 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। इसी प्रकार 7 नए महिला पुलिस थाने तथा महिलाओं के लिए समर्पित बसों की संख्या 273 से बढ़ाकर 500 करने की घोषणा की गई।

### युवाओं, अंत्योदय और रोजगार पर रहेगा ध्यान केंद्रित

सीएम ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, अग्निवीरों को हरियाणा पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण, प्रत्येक जिले में 'खेलो इंडिया' लघु केंद्र बनाए जाएंगे। इसी तरह से 8 हजार ईडब्ल्यूएस फ्लैट तथा 2.20 लाख घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे।

## रातभर धधका तेहरान

### ईरान ने भी किए ताबड़तोड़ हमले

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के तीसरे दिन भी पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर रहा। इजराइल ने रातभर ईरान की राजधानी तेहरान में भीषण बमबारी की। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की। वहीं ईरान ने साइप्रस में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के अक्रोटिरी बेस पर ड्रोन हमला किया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार देर रात हुए इस हमले में बेस को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इसके जवाब में ब्रिटिश सेना कार्रवाई कर रही है। दरअसल, ब्रिटिश क्रू कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी।

ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है।

दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

### इजराइल बोला- ईरान के 2 खुफिया अधिकारियों को मारा

इजराइल ने कहा है कि उसने ईरान के खुफिया मंत्रालय के 2 अधिकारियों को मार गिराया है। इजराइली रक्षा बल (ह्रष्ठस्न) ने दावा किया कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई एयर स्ट्राइक में सैयद यह्या हमीदी और जलाल पोर हुसैन को निशाना बनाया गया। हमीदी 'इजराइल मामलों' के डिप्टी मिनिस्टर थे और उन पर विदेशों में यहूदियों, पश्चिमी देशों के नागरिकों और ईरान विरोधी तत्वों के खिलाफ गतिविधियों का नेतृत्व करने का आरोप था। जलाल पोर हुसैन मंत्रालय के जासूसी डिवीजन के प्रमुख थे।

### कतर में एनर्जी ठिकानों पर मिसाइल हमला

कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि देश में दो मिसाइल हमलों में ऊर्जा से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। मंत्रालय के मुताबिक, एक मिसाइल ने मेसाईद एनर्जी प्लांट के वॉटर स्टोरेज टैंक को निशाना बनाया, जबकि दूसरी मिसाइल रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में स्थित कतर एनर्जी से संबद्ध एक ऊर्जा सुविधा पर गिरी। हमलों में किसी के घायल या मारे जाने की सूचना नहीं है। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि हमले से हुई सभी क्षति और नुकसान का आकलन संबंधित अधिकारी कर रहे हैं और आधिकारिक बयान बाद में जारी किया जाएगा।

### ईरान में बड़े नुकसान के संकेत नहीं : आईएईए चीफ

**वियना।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने दावा किया है कि यूएस-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के किसी परमाणु केंद्र को फिलहाल नुकसान पहुंचने के संकेत नहीं मिले हैं। आईएईए प्रमुख ने स्पष्ट किया कि बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट, तेहरान रिसर्च रिएक्टर और अन्य ईंधन केंद्रों पर फिलहाल किसी हमले या क्षति की सूचना नहीं है। ईरान के पड़ोसी देशों में अब तक रेडिएशन स्तर सामान्य पाया गया है, जो राहत की बात है। ग्रॉसी ने बताया कि आईईसी लगातार ईरानी अधिकारियों से संपर्क की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन युद्ध के कारण वहां से कोई जवाब नहीं मिल रहा है।



## अमेरिका के 3 जेट कुवैत में क्रैश

### अमेरिका बोला- कुवैत ने गलती से मार गिराए



अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि ईरान के हमलों के दौरान एक लड़ाकू मिशन में कुवैत ने गलती से अमेरिकी वायुसेना के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को मार गिराया। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के अनुसार, इस लड़ाई में ईरानी विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमले शामिल थे। यह पहली बार है जब युद्ध में ईरान के पुराने लड़ाकू विमान बेड़े ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है। सेंट्रल कमांड ने कहा, S एयर फोर्स के फाइटर जेट्स को कुवैती एयर डिफेंस ने गलती से मार गिराया सभी छह एयरक्रू सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। और उनकी हालत स्थिर है। कुवैत ने इस घटना को स्वीकार किया है और जारी अभियान में सहयोग के लिए अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के प्रयासों के प्रति आभार जताया है।

## अरब देशों में फंसे लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**चंडीगढ़।** अरब देशों में रहने वाले कई पंजाबी परिवार आफत में आ गए है। ऐसे लोगों को पंजाब सरकार आगे आई है। सरकार ने अपना कंट्रोल रूम गठित किया है। कंट्रोल रूम में लैंड लाइन से लेकर वाट्सऐप नंबर जारी किया है। जहां पर संपर्क कर वह अपने परिवारो की मदद कर पाएंगे। यह जानकारी पंजाब के सीएम भगवंत मान ने दी।

**NRI विंग पंजाब-24×7 कंट्रोल रूम**

फोन नंबर- 0172-2260042

फोन नंबर- 0172-2260043

वाट्सऐप- +91 94787 79112

जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क करें।

## पंजाब में 100 करोड़ की कृषि-आधारित परियोजना में निवेश करेगा अमरटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड समूह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** पंजाब में आयोजित होने जा रहे इन्वेस्ट सबमिट पंजाब के अंतर्गत 13 से 15 मार्च 2026 के बीच एग्रो वेस्ट परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जानकारी अमरटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड समूह के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा संस्थापक अरुण ग्रोवर ने दी। पंजाब सरकार की औद्योगिक निवेश पहल के तहत राज्य में कृषि-आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समूह द्वारा 100 करोड़ रुपये की कृषि-आधारित परियोजना में निवेश की घोषणा की गई है। यह परियोजना विशेष रूप से कृषि अवशेषों के वैज्ञानिक उपयोग एवं मूल्य संवर्धन पर आधारित होगी। इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व स्वयं अरुण ग्रोवर कर रहे हैं।



इसी क्रम में अरुण ग्रोवर ने बाल मुकुंद शर्मा, चेयरमैन, पंजाब राज्य खाद्य आयोग से चंडीगढ़ स्थित उनके कार्यालय में भेंट कर निवेश योजना पर विस्तृत चर्चा की। यह बैठक महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, पंजाब, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में आयोजित हुई। बैठक के दौरान परियोजना की विस्तृत रूपरेखा, निवेश प्रक्रिया, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, प्रशासनिक समन्वय तथा राज्य स्तरीय सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत 13 से 15 मार्च 2026 के मध्य निवेश संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

यह परियोजना कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन, आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना तथा स्थानीय स्तर पर व्यापक रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही यह पहल पंजाब के कृषि एवं औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर ग्रोवर ने कहा कि समूह राज्य के समग्र विकास में दीर्घकालिक एवं सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह निवेश पंजाब की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। वहीं बाल मुकुंद शर्मा ने राज्य सरकार की नीतियों के अनुरूप आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## दीपक गर्ग ने मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी को दी होली की शुभकामनाएं

**पंचकूला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने सुमन सैनी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की।

दीपक गर्ग ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमं। आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक सकारात्मक संदेश पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। भेंट के दौरान विभिन्न



सामाजिक विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई। सुमन सैनी ने होली की शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के पर्व समाज को जोड़ने और नई ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करते हैं। दीपक गर्ग ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में जनकल्याणकारी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

## सनसिटी सोसायटी सेक्टर-20 में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** सेक्टर-20 स्थित सनसिटी सोसायटी में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सनसिटी परिक्रमा रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में निवासियों ने भाग लेकर रंगों के पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महंत संपूर्णानंद महाराज उपस्थित रहे। एसोसिएशन के प्रधान अतुल गर्ग ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधान अतुल गर्ग ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते



हुए होली के महत्व को समझाया और सभी से सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपप्रधान विवेक गुप्ता, महासचिव कर्नल अविनाश शर्मा (सेवानिवृत), संयुक्त सचिव रुबी गुप्ता, वित्त सचिव डा. राम कुमार सरीन, कार्यकारिणी सदस्य मीनाक्षी मिगलानी, सुरेंद्र सहरावत, अरुण गर्ग, नेहा महाजन, डा. मिशा गोयल, निवर्तमान प्रधान उदित मित्तल तथा समाजसेवी डा. प्रदीप गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सम्मेलन

### पंचकूला के सेक्टर-4 में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन

## आपसी एकता और समरसता को सुदृढ़ करना रहा सम्मेलन का उद्देश्य

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** संगठित हिंदू और समर्थ भारत के संकल्प के साथ सेक्टर-4 स्थित श्री राधा माधव मंदिर में रविवार, 1 मार्च 2026 को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सांस्कृतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूक करना तथा आपसी एकता और समरसता को सुदृढ़ करना है।

यह जानकारी देते हुए विनीत जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में संघ के पंचकुला जिला संपर्क प्रमुख सौरव गोयल मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

इसके पश्चात विचार, संस्कृति और राष्ट्रहित से जुड़े प्रेरक वक्तव्यों का क्रम चला। सम्मेलन में राष्ट्रीय संत बाबा हरजीत सिंह ने मुख्य



अतिथि के रूप में उपस्थित हो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, उनका मार्गदर्शन उपस्थित जनसमूह के लिए विशेष प्रेरणास्रोत रहा। वही डीएवी कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल केएस आर्य और डॉक्टर रमणीक सिंह ने कार्यक्रम की विशेष तौर पर शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विशेष तौर पर समाज सेवी विनय जैन और रुपाली जैन को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

सम्मेलन का समापन दोपहर 12:30 बजे किया गया, जबकि दोपहर 1 बजे सभी के लिए भोजन (लंगर) की व्यवस्था रही। कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चुग द्वारा किया गया तथा भाव-रसिक की भूमिका सीमा, आयोजन की संयोजन पाल कोहली ने सँभाली।

रूपाली विनीत जैन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में पदमकांत, राजेश जी गरिमामयी उपस्थिति, पवन कोषाध्यक्ष–नगद व्यवस्था, वनीत जैन व रामधारी जी लंगर सेवा, सुशील, अनूप, अभिनाश, अगम तथा मौलिक मंच स्वागत व लंगर प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

पंजाब में 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा, मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए लोगों को दी बधाई

# पिछली सरकारों ने नशे के व्यापार को संरक्षण दिया 'आप' सरकार ने की निर्णायक कार्रवाई: सीएम मान

■ कहा- हमारी सरकार ने नशे के कारोबार की रीढ़ तोड़ी एक वर्ष में 16.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 2 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर पंजाब के लोगों को बधाई दी और इसे राज्य को नशों के खतरे से मुक्त करने की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक अभियान बताया। पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए इस जन आंदोलन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने पंजाब में नशों के खिलाफ लड़ाई की दिशा को पूरी तरह बदल दिया है और नशा आपूर्ति के नेटवर्क को सख्ती से समाप्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम पंजाब में ड्रग नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई रही है। पिछली सरकारों ने ड्रग व्यापार को संरक्षण दिया, जिससे राज्य की कई पीढ़ियां बर्बाद हो गईं। दूसरी ओर, पंजाब सरकार ने नशों की सप्लाई लाइन तोड़कर और इस घिनौने अपराध में शामिल बड़ी मछलियों को सलाखों के पीछे भेजकर नशे के कारोबार की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है। इस मुहिम के प्रभाव और व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशों के खिलाफ इस



मुहिम को आम लोगों के सक्रिय सहयोग से एक जन आंदोलन में बदलने के लिए व्यापक और बहुआयामी रणनीति अपनाई गई। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 से फरवरी 2026 तक नशों के खतरे के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति लागू की गई।

### नशा तस्करों के खिलाफ कुल 36,178 एफआईआर दर्ज की

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ कुल 36,178 एफआईआर दर्ज की गईं और 51,648 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 2,277 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई तथा 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए। उन्होंने आगे कहा कि नशा तस्करों से 16.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है और तस्करों से संबंधित करोड़ों रुपये की संपत्तियां जब्त या ध्वस्त की गई हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल सजा दर लगभग 84 प्रतिशत रही है, जो निरंतर सुधार के साथ वर्ष 2025 में लगभग 88 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह मजबूत केस तैयारी और फॉरेंसिक सहयोग का प्रमाण है।

### तस्करों के खिलाफ मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत वर्तमान सरकार नशा पीड़ितों की लाशों और चिताओं की कीमत पर तस्करों को फलने-फूलने नहीं देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ मिसाल कायम करने वाली सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। पंजाब सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई पंजाब की युवा पीढ़ी को बचाने के लिए है और इसे बिना किसी रुकावट के लगातार जारी रखा जाएगा।

## नशा मुक्त पंजाब के संकल्प संग दौड़ेगा राज्य, डिप्टी स्पीकर ने मैराथन तैयारियों की समीक्षा की

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज श्री जय कृष्ण सिंह रोड़ी , डिप्टी स्पीकर, पंजाब विधानसभा द्वारा 'शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन' के आयोजन संबंधी एक विशेष बैठक बुलाई गई।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री पंजाब स. भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब की युवा पीढ़ी को नशों से बचाने और रंगले पंजाब की पुनर्स्थापना के लिए राज्य स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 मार्च 2026 को फुटबॉल की नर्सरी के रूप में प्रसिद्ध माहिलपुर (गढ़शंकर), जिला होशियारपुर में 'शहीद-ए-आज़म भगत सिंह नेशनल मैराथन' राज्य स्तरीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 23 मार्च 2026 को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह खटकड़ कलां में आयोजित किया जाएगा। इसी के मद्देनज़र एक दिन पूर्व 22 मार्च को यह मैराथन शहीद-ए-आज़म को समर्पित करते हुए करवाई जाएगी।

डिप्टी स्पीकर ने कहा कि शहीद-ए-आज़म भगत सिंह ने एक स्वस्थ और जागरूक राष्ट्र का सपना देखा था। नशों का उन्मूलन करना और युवाओं को खेलों से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। यह मैराथन युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी और उन्हें नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित करेगी।

मैराथन में 5 किमी, 10 किमी, 21 किमी और 42 किमी की विभिन्न श्रेणियां होंगी, जिनमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग और दिव्यांगजन भाग ले सकेंगे। विजेताओं को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी तथा देश-विदेश की प्रमुख हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## प्रत्येक पंजाबी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः डॉ. रवजोत सिंह

■ भगवंत मान सरकार ने अमेरिका-इज़राइल-ईरान टकराव के दौरान मध्य एशिया और मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सहायता हेतु 24×7 हेल्पलाइन जारी



पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के मद्देनज़र पंजाब सरकार ने मध्य एशियाई देशों और मध्य पूर्व में फंसे पंजाबियों की सहायता के लिए समर्पित 24×7 हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस संबंध में पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री डॉ.रवजोत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार समूची स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है तथा प्रभावित लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से भी तत्काल सहयोग की अपील की है ताकि प्रभावित व्यक्तियों की शीघ्र वापसी संभव हो सके।

पंजाब भवन में आज यह घोषणा करते हुए पंजाब के एन. आर. आई. मामलों के मंत्री डॉ.रवजोत सिंह ने कहा, राज्य सरकार हालात पर लगातार नजर रख रही है और प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त कॉल्स पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

उन्होंने भरोसा दिलाया, हमें मध्य एशिया से लगातार फोन कॉल प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें अधिकांश पंजाबी पर्यटक शामिल हैं। पंजाब सरकार विदेशों में फंसे हर पंजाबी के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सुरक्षित निकासी तथा घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

सहायता व्यवस्था की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि तत्काल सहायता एवं समन्वय के लिए 0172-2260042, 0172-2260042 (विदेशी नागरिकों के लिए) और 1100 (भारत के निवासियों के लिए) हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। ये हेल्पलाइन 24 घंटे कार्यरत रहेंगी और मार्गदर्शन प्रदान करने, जानकारी एकत्र करने तथा निकासी एवं राहत कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगी।

उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में एडीजीपी एनआरआई विंग आर .के जायसवाल की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जो स्थिति की निगरानी और समन्वय का कार्य करेगी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंत्री ने कहा, पंजाब सरकार फंसे हुए व्यक्तियों की सुरक्षित निकासी के लिए केंद्र सरकार के साथ शीघ्र बैठक करने की इच्छुक है। हमारा विश्वास है कि आपसी सहयोग से राहत उपायों को तेज किया जा सकता है।

पंजाब सरकार ने होला मोहल्ला के लिए भारत की पहली सर्व-ऋतु अनुकूल स्थायी टेंट सिटी की स्थापित

## इस वर्ष ग्रीन होला मोहल्ला मनाया जाएगा : हरजोत सिंह बैंस

● होला मोहल्ला के रंग को और गहरा करने हेतु विरासत-ए-खालसा में 2 और 3 मार्च की शाम आतिशबाज़ी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब के शिक्षा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने आज श्री आनंदपुर साहिब में चल रहे होला मोहल्ला समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचने वाली संगत के लिए बनाई गई स्थायी टेंट सिटी सहित निर्बाध धार्मिक दर्शन सुनिश्चित करने हेतु आधारभूत ढांचे के विस्तार और पर्यावरण अनुकूल पहलों संबंधी व्यापक प्रबंधों की जानकारी साझा की। आज यहां पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री ने बताया कि भारत की पहली स्थायी (परमानेंट) एयर-कंडीशंड टेंट सिटी और ग्रीन होला मोहल्ला सहित कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अस्थायी ढांचे की सफलता और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निरीक्षण के बाद स्थायी टेंट सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया गया



था, जिसे अब पवित्र नगरी में स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के धार्मिक पर्यटन के लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह पूर्णतः वातानुकूलित स्थायी टेंट सिटी वर्षभर श्रद्धालुओं को आरामदायक आवास उपलब्ध कराएगी। इससे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत आने वाली संगत को सुविधा मिलेगी और श्री आनंदपुर साहिब की पर्यटन संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति भगवंत सिंह मान सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस वर्ष ग्रीन होला मोहल्ला मनाया जाएगा। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है और पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सभी लंगर स्थलों पर बायोडिग्रेडेबल विकल्प उपलब्ध कराने का खर्च वहन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लाखों श्रद्धालुओं की सेवा के लिए बड़े स्तर पर लंगर लगाए जा रहे हैं, इसलिए पर्यावरणीय चिंताओं को प्राथमिकता दी गई है। उपयोग में आने वाली प्रत्येक प्लेट, कप और बर्तन बायोडिग्रेडेबल एवं गैर-प्लास्टिक सामग्री से बने होंगे।

विश्वभर की सिख संगत को गुरु घर के दर्शन हेतु आमंत्रित करते हुए स. बैंस ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहीदी पर्व और फतेहगढ़ साहिब में शहीदी सभा के उपरांत अब राज्य सरकार नए उत्साह के साथ होला मोहल्ला मना रही है। उन्होंने संगत से परिवार सहित इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव में शामिल होने की अपील की।

उन्होंने बताया कि पवित्र नगरी श्री आनंदपुर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जो रात्रि में आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करती है। पांच प्यारों के पार्क का नवीनीकरण किया गया है। भाई जैता जी संग्रहालय और अन्य ऐतिहासिक स्थल अपनी समृद्ध विरासत प्रदर्शनी के साथ श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं।

पंजाब के हर कोने से ट्रैक्टरों और ट्रॉलियों पर आने वाली संगत के प्रबंधन के लिए,रूपनगर जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली से आने वाली संगत के प्रबंधन हेतु 28 समर्पित पार्किंग जोन, दो विशेष ट्रॉली सिटी और ट्रॉली स्ट्रीट स्थापित की हैं। ये सुविधाएं बाथरूम, सीसीटीवी निगरानी और एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित हैं। माजहा और दोआबा क्षेत्र से आने वाली संगत को चरण गंगा के निकट ट्रॉली सिटी में तथा मालवा और चंडीगढ़ की ओर से आने वालों को गांव झिंझड़ी स्थित सुविधा केंद्र में ठहराया जाएगा।

हरजोत सिंह बैंस ने आगे बताया कि तख्त श्री केसगढ़ साहिब और किला आनंदगढ़ साहिब जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक संगत को पहुंचाने के लिए 100 ई-रिक्शा शटल सेवाएं चलाई जाएंगी, जिससे निर्बाध आवागमन सुनिश्चित होगा।

उन्होंने घोषणा की कि 2 और 3 मार्च की शाम विरासत-ए-खालसा में भव्य आतिशबाज़ी का आयोजन किया जाएगा, जिससे उत्सव का रंग और गहरा होगा।

स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि चरण गंगा स्टेडियम और तख्त श्री केसगढ़ साहिब में पूर्ण सुसज्जित एंबुलेंस तैनात की गई हैं। प्रत्येक पार्किंग और मुख्य स्थल पर आम आदमी क्लिनिक कार्यरत हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु मुख्य मार्ग पर त्रिस्तरीय बैरिकेडिंग प्रणाली लागू की गई है तथा निहंग सिंहों को पारंपरिक युद्ध प्रदर्शन हेतु पर्याप्त स्थान प्रदान किया गया है। मुख्य समारोहों की वास्तविक समय की जानकारी और लाइव प्रसारण के लिए प्रमुख स्थलों पर 20 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं। इससे पार्किंग क्षेत्रों में मौजूद श्रद्धालु भी विरासत खेलों और क्राफ्ट मेले सहित सभी कार्यक्रमों से जुड़े रहेंगे।मंत्री ने इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु महीनों की तैयारी और कड़ी मेहनत करने वाले अधिकारियों का धन्यवाद भी किया।

## 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' का एक साल - 36,178 एफआईआर, 51,648 गिरफ्तारियांः बलतेज पन्नू

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मान सरकार के 'युद्ध नशेआं विरुद्ध मुहिम के एक साल पूरे होने पर, आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मीडिया इंचार्ज और नशा मुक्ति मोर्चा के मुख्य प्रवक्ता बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब नशों के विरुद्ध ऐसी योजनाबद्ध और कई तरह की जंग लड़ रहा है। जिसकी दुनिया में कहीं कोई मिसाल नहीं है। मीडिया से बात करते हुए, बलतेज पन्नू ने इस मुहिम को एक ऐतिहासिक और जन आंदोलन करार दिया, जिसने नशे के



खिलाफ लड़ाई को एक संगठित और नतीजे देने वाले मिशन में बदल दिया है। आप पंजाब के पंजाब महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि नशे की लत एक विश्वव्यापी खतरा है। हम मेक्सिको और कनाडा जैसे देशों में हालात देख रहे हैं, और भारत के दूसरे राज्यों में भी बड़ी रिकवरी की खबरें हैं। लेकिन कोई भी राज्य या देश पंजाब की तरह योजनाबद्ध तरीके से यह लड़ाई नहीं लड़ रहा। पिछले एक साल के आधिकारिक आंकड़े सांझा करते हुए, बलतेज पन्नू ने कहा, ÷एक साल में 36,178 एफआरआई दर्ज की गई हैं और 51,648 गिरफ्तारियां हुई हैं। 16.70 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। बड़ी बरामदगी में 2,276.98 किलोग्राम हेरोइन, 29,299 किलोग्राम पोस्त, 686 किलोग्राम अफीम, 807.96 किलोग्राम गांजा, 36.47 किलोग्राम आईस, 68 किलोग्राम चरस और 4.46 किलोग्राम कोकीन के साथ-साथ 50 हजार गोलियां/कैप्सूल और 1,985 इंजेक्शन शामिल हैं। पंजाब ने देश में सबसे बड़ी रिकवरी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि यह मुहिम लंबी तैयारी के बाद इस समझ के साथ शुरू की गई थी कि लोगों से सीधे जुड़ी कोई भी लड़ाई जनता की भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकती। बलतेज पन्नू ने कहा कि नशा मुक्ति मोर्चा के तहत पंजाब को पांच जोन में बांटा गया था- दोआबा, माझा, मालवा ईस्ट, मालवा वेस्ट और मालवा सेंट्रल। हमने जिले और हलका लेवल के स्ट्रक्चर बनाए गए। पूरे पंजाब में विलेज डिफेंस कमेटियां बनाई गई और मोगा के पास किल्ली चहल में लाखों लोग इकट्ठा हुए। जवाबदेही प्रणाली के बारे में बताते हुए, बलतेज पन्नू ने कहा कि ग्राम रक्षक कमेटी के सदस्यों को नशा तस्करों की सीधी रिपोर्ट पुलिस हैडक्वार्टर को देने के लिए एक सुरक्षित ऐप दी गई है, और 48 घंटों के अंदर कार्वाई करनी जरूरी है।

## फिरोजपुर में दूषित पानी पीने से एक बच्ची की मौत

**चंडीगढ़, 02 मार्च।** पंजाब के फिरोजपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हजारा सिंह वाला गांव में कथित तौर पर दूषित पानी पीने से 12 साल की एक बच्ची की मौत हो गयी और लगभग 20 बच्चे बीमार हो गए हैं।

सभी प्रभावित बच्चों को फिरोजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका अभी इलाज चल रहा है।

फिरोजपुर ग्रामीण के विधायक रजनीश दहिया ने खुद हालात पर नज़र रखने और बीमार बच्चों से बात करने के लिए अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे के दौरान यह सुनिश्चित किया कि बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की चिकित्सा देखभाल मिल रही है और उन्होंने खुद मरीज़ों को नारियल पानी और फल बांटे।

दहिया ने ज़ोर देकर कहा कि पंजाब सरकार प्रभावित बच्चों को सबसे अच्छा इलाज देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि हजारा सिंह वाला गांव में रहने वालों के स्वास्थ्य पर नज़र रखने के लिए एक मेडिकल टीम तैनात की गई है। स्वास्थ्य अधिकारी अभी गांव से पानी के नमूने इकट्ठा कर रहे हैं और गंदगी के स्रोतों और वजह का पता लगाने के लिए पूरी जांच कर रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि जांच पूरी होने के बाद लापरवाही के लिए जो भी ज़िम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए पंजाब सरकार केंद्र के साथ तालमेल बिठाकर सक्रिय कदम उठाए : धालीवाल

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फगवाड़ा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल ने सोमवार को खाड़ी क्षेत्र में फंसे हजारों भारतीयों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की।

श्री धालीवाल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और ओमान में रोजगार, व्यवसाय और यात्रा के लिए बड़ी संख्या में भारतीय वर्तमान में रह रहे हैं। इनमें पंजाबियों की एक बड़ी आबादी शामिल है, क्षेत्र में बढ़ते तनाव और जवाबी कार्रवाइयों की खबरों के मद्देनजर, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सुरक्षा और भलाई को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत सभी राजनयिक चैनलों को सक्रिय किया जाये। उन्होंने आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित करने, रीयल-टाइम यात्रा और सुरक्षा एडवायजरी जारी करने और स्थिति बिगड़ने पर व्यापक निकासी योजनाओं की तैयारी करने का भी आह्वान किया। श्री धालीवाल ने पंजाब सरकार से भी अपील की कि वह केंद्र के साथ तालमेल बिठाकर सक्रिय कदम उठाये और खाड़ी देशों में रहने वाले लोगों के परिवारों की सहायता के लिए एक समर्पित राज्य-स्तरीय सहायता तंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा भारत सरकार को निर्णायक और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। विदेश में हमारे नागरिकों, विशेष रूप से मेहनती पंजाबियों, जो भारतीय और पंजाबी दोनों अर्थव्यवस्थाओं में भारी योगदान देते हैं, की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। श्री धालीवाल ने जनता को आश्वासन दिया कि वह प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और तत्काल एवं ठोस उपायों के लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों पर दबाव बनाना जारी रखेंगे।

पंजाब को ऊनी और फैंसी धागा उद्योग में 750 करोड़ रुपये का निवेश

## गंगा एक्रोवूल्स लिमिटेड विस्तार के साथ 1500 नए रोजगार सृजित करेगी : संजीव अरोड़ा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली और स्थानीय निकाय मंत्री श्री संजीव अरो?ा ने आज यहां कहा कि पंजाब सरकार राज्य को निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में ऊनी और फैंसी धागों की अग्रणी निर्माता कंपनी गंगा एक्रोवूल्स लिमिटेड ने पंजाब में अपने कारोबार के विस्तार की घोषणा की है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए श्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि कंपनी 60 से अधिक देशों को अपने उत्पाद निर्यात करती है और वर्तमान में इसमें 5600 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी का वार्षिक टर्नओवर लगभग 850 करोड़ रुपये है। साथ ही उन्होंने बताया कि पिछले 4-5 वर्षों में कंपनी ने 3000



से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है और वर्ष 1998 से हर औद्योगिक नीति के तहत पंजाब में निरंतर निवेश करती आ रही है। उन्होंने कहा कि ताज़ा निवेश के माध्यम से कंपनी 1500 से अधिक नए रोजगार अवसर भी सृजित करेगी।

नए प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कंपनी अब पंजाब में 690 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है, जिसमें से 53 करोड़ रुपये पराली-आधारित बॉयलर और टरबाइन की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे। इससे प्रतिवर्ष लगभग 1,20,000 टन पराली (10,000 टन प्रति माह) की खपत होगी, जिससे लगभग 20-25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले खेतों को पराली जलाने की समस्या से राहत मिलेगी।

कंपनी के अध्यक्ष अमित थापर ने बताया कि पिछले निवेशक सम्मेलन में 301 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुकूल औद्योगिक माहौल, कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने वाली नीतियों और लागत में कमी के कारण निवेश राशि को संशोधित कर 690 करोड़ रुपये किया गया और अब इसे बढ़ाकर लगभग 750 करोड़ रुपये किया जा रहा है। इसमें से 400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है और शेष निवेश अगले 24 महीनों में किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि विस्तार के बाद कंपनी बुनाई, कालीन और तकनीकी टेक्सटाइल के विभिन्न सेगमेंट्स के लिए धागों का निर्माण करेगी। यह विस्तार उच्च-मूल्य टेक्सटाइल निर्माण और निर्यात में पंजाब की स्थिति को और सुदृढ़ करेगा।

इस परियोजना से अतिरिक्त रोजगार सृजन के साथ-साथ स्थानीय मूल्य श्रृंखला, एमएसएमई इकाइयों और सहायक उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह विस्तार पंजाब की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियों और निवेशक-अनुकूल वातावरण का प्रमाण है, जो घरेलू और वैश्विक निर्माताओं के विश्वास को और मजबूत करेगा।

## गैंगस्टरों पर वार का 41वां दिन : पंजाब पुलिस की 409 स्थानों पर छापेमारी; 132 गिरफ्तार

● 71 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की; 116 को पूछताछ के बाद रिहा किया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 2 मार्च।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरों पर वार' के 41वें दिन पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित एवं मैप किए गए 409 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों पर वार'-पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के लिए एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमों द्वारा राज्यभर में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। 41वें दिन पुलिस टीमों ने 132 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से पांच हथियार बरामद किए। इस प्रकार अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या 12,335 हो गई है।

इसके अतिरिक्त 71 व्यक्तियों के विरुद्ध एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 116 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने चार भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आम नागरिक एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के संबंध में जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों के बारे में सूचना साझा कर सकते हैं।

**हरियाणा विधानसभा बजट सत्र**

# प्रदेश में खोली जाएंगी 25 नई आयुष डिस्पेंसरी

## फरीदाबाद, सोनीपत, रेवाड़ी, गुरुग्राम, हिसार समेत कई जिला अस्पतालों में बढ़ेंगे बैड

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** हरियाणा के वित्त मंत्री नायब सैनी ने सोमवार को बजट पेश करते हुए केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त रक्त जांच सुविधा देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने 14 हजार करोड़ से हेल्थ सिस्टम को बदलने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का ऐलान किया। स्वास्थ्य सेवाओं को नई रफ्तार देते हुए वर्ष 2026-27 के बजट में 32.89 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। आपातकालीन सेवाओं को मजबूती के लिए 70 नई एडवांस और 167 नई एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत देने को तरजीह दी है। यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और करनाल में 25 नए आयुष औषधालय खोले जाएंगे। यह नहीं, बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में लड़कों एवं लड़कियों के छात्रावासों का निर्माण तथा शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर, एक फार्मेसी, व्याख्यान कक्ष और एक बहुउद्देश्य हॉल, एक योग हॉल और एक आयुष वैलनेस सेंटर बनाने की भी योजना है। प्रदेश के सभी औद्योगिक इकाइयों में कर्मचारियों के लिए प्रतिदिन योग ब्रेक शुरू की जाएगी। इसके साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में उनके लिए साप्ताहिक स्वास्थ्य अभियान आयोजित किए जाएंगें। किफायती दरों पर गुणवत्ता युक्त दवाइयों की उपलब्धता के लिए 23 अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर खोले जाएंगे। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 135 करोड़ की लागत से आयुष शिक्षा, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के लिए भवन निर्माण किया जाएगा। वर्ष 2026-27 में फरीदाबाद अस्पताल को 200 से बढ़ाकर 400 बेड, सोनीपत और रेवाड़ी को 200 से बढ़ाकर 300 बेड, गुरुग्राम अस्पताल को 400 बेड, इसके अतिरिक्त रेवाड़ी व हिसार को 300 बेड तथा चरखी-दादरी, हांसी, झज्जर एव मांडी खेड़ा के जिला अस्पतालों में अतिरिक्त 100 बेड के भवनों का निर्माण करवाया जाएगा।

### अग्निशमन सेवाओं की मजबूती के लिए 100 करोड़ का प्रावधान

जिला अस्पतालों, उपमंडल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अग्निशमन प्रणालियों को मजबूती देने के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकारी अस्पतालों में अक्टूबर 2024 में मुफ्त डायलिसिस की शुरुआत की गई थी, अब तक 2,38,954 निशुल्क डायलिसिस करवाए जा चुके हैं। अब महर्षि च्यवन चिकित्सा महाविद्यालय कोरियावास, श्री अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय छांयसा, जिला अस्पताल हांसी, उपमंडल अस्पताल, नारायणगढ़, लाडवा, सिवानी, टोहाना, बल्लभगढ़, पटौदी, असंध, गोहाना, गुहला, नरवाना, महम, डबवाली, कोसली, महेंद्रगढ़, व कनानी में 18 नए डायलिसिस सेंटरर खोले जाएंगें। इसके अतिरिक्त यमुनानगर, हिसार, बहादुरगढ़ और सोनीपत के उपमंडल अस्पताल तथा करनाल और भिवानी के मेडिकल कॉलेजों में 6 नई कैथ लैब स्थापित होंगी। वहीं, फरीदाबाद के जसाना और मंझावली, गुरुग्राम के रिठौज, सिघरावली और रणसिका, महेंद्रगढ़ के खातोदड़ा, नूंह के सारकस, शाह चोखा, चंदेनी, लोहिंगा कलां और टाई, पलवल के गहलब, बघोला और धातीर, रेवाड़ी के टींट, कुरुक्षेत्र के थाना तथा जींद के पिपलथा में 17 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे।

### पंचकूला और करनाल में खोली जाएंगी नई औषधि प्रशिक्षण लैब

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष एवं चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, ईएसआई की सभी योजनाओं को गति देने के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। दवा नमूनों की जांच के लिए पंचकूला और करनाल में दो नई औषधि प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। इसके साथ ही, एनसीआर जिलों के गांवों में खाद्य सुरक्षा को मजबूती के लिए 28 नई खाद्य परीक्षण वैन खरीदने का लक्ष्य रखा गया है।

### स्वेच्छा से पदोन्नति त्यागने पर भी मिलेगा एसीपी लाभ

हरियाणा सरकार के अनुसार विभिन्न विभागों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी, जो दीर्घकालिक (क्रानिक) बीमारियों से ग्रस्त हैं और इस कारण से पदोन्नति स्वीकार करने के इच्छुक नहीं हैं, उन्हें स्वेच्छा से पदोन्नति त्यागने पर एसीपी के लाभ से वंचित नहीं रखा जाएगा। कई बार कई तरह के कर्मचारियों को किसी योजना में राज्य-केंद्र सरकार का योगदान या अनुदान मिलने में देरी या किसी अन्य कारण से समय पर वेतन नहीं मिल पाता है तो ऐसी परिस्थितियों में त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु 100 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि से विशेष सहायता कोष स्थापित होगा।

### रेवाड़ी-अंबाला में 600 करोड़ से लगेंगे दो मिल्क प्लांट

हरियाणा के रेवाड़ी और अंबाला में 300-300 करोड़ की लागत से दो नए दूध प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इन दोनों प्लांट की पांच लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रोसेसिंग क्षमता होगी। बजट में वन हेल्थ पहल के तहत हिसार में हरियाणा पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए बजट में 30 करोड़ निर्धारित किए गए हैं। प्रदेश में सात नए पशु औषधालय खोले जाएंगे।वन हेल्थ के तहत पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों से बचाव व रोकथाम और पशुपालकों को प्रशिक्षण देने के लिए पांच करोड़ की लागत से हिसार में एक बहुउद्देश्यीय पशुपालन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। आठ करोड़ से 20 नई मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां स्थापित होंगी। पहले से संचालित 70 को मिलाने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक इकाई होगी। प्रदेश में खाद्य पदार्थों की उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आठ नई खाद्य प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। यह प्रयोगशालाएं हिसार, नारनौल, सिरसा, जींद, यमुनानगर, रोहतक, फरीदाबाद और गुरुग्राम में स्थापित होंगी। इनमें से दो प्रयोगशालाएं 24 करोड़ की लागत से वर्ष 2026-27 में स्थापित करने का लक्ष्य है। वहीं करनाल एग्रो माल में आठ करोड़ की लागत से एनएबीएल सर्टिफाइड दूध एवं खाद्य पदार्थ परीक्षण लैब स्थापित की जाएगी। दुधारू पशुओं को बढ़ावा देने और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रदेश में 100 पशुओं तक की क्षमता वाले आधुनिक डेयरी फार्म स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 10 करोड़ का प्रविधान किया गया है। इसे डेयरी विकास में उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। पिछले वर्ष 943 में से 316 डेयरी इकाइयां महिलाओं ने स्थापित की हैं। पिछले बजट में महिलाओं को एक दुधारू पशु की खरीद पर एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण का प्रविधान किया गया था। वर्ष 2026-27 में 700 नए हर हित स्टोर खोले जाएंगे। वर्ष 2021-22 से इनकी शुरुआत हुई थी मार्च 2026 तक 1400 स्टोर खुल जाएंगे। 2025-26 में इन स्टोर से दो हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। जबकि खुलने के बाद से 2025 तक एक हजार करोड़ का कारोबार हुआ था।नए वित्त वर्ष में दो हजार नए वीटा बूथ एवं मिल्क बार खोले जाएंगे। वीटा बूथ आवंटन नीति में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। पिछले बजट में 350 नए वीटा बूथ खोलने का लक्ष्य 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

### सभी निकायों में बनेगा पार्षद आपातकालीन फंड

हरियाणा सरकार ने बजट में शहरों की सरकार तथा शहर वासियों पर पूरी मेहरबानी दिखाई है। स्थानीय निकायों के पार्षदों के प्रदेश में पहली बार वित्तीय अधिकार दिए गए हैं। हरियाणा के वित्त मंत्री नायब सैनी ने सोमवार को बजट पेश करते हुए पार्षद आपातकालीन फंड स्थापित करने का ऐलान किया है। अब नगर निगम के पार्षदों के लिए छह लाख, नगर परिषद के पार्षदों के लिए ती लाख तथा नगर पालिका के पार्षदों के लिए डेढ लाख रुपये सालाना का फंड क्रिएट किया जाएगा। इस राशि का इस्तेमाल कोई भी पार्षद अपनी स्वेच्छा से अपने क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के लिए कर सकेगा। शहरी जनप्रतिनिधियों की यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी। जिसकी शुरूआत मुख्यमंत्री ने आज के बजट में की है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कुल 6240.97 करोड़ का बजट अलाट किया गया है, जोकि पिछले वर्ष के मुकाबले 23.01 प्रतिशत अधिक है। शहरों में नगर निकायों की जमीन पर कब्जा करके रिहायशी कालोनियां बनाकर रहने वाले लोगों को मालिकना हक देने के लिए नई नीति लाई जाएगी। बजट में 41 लाख 70 हजार 749 संपत्तिधारकों के प्रापर्टी टैक्स पर 31 मार्च 2025 तक की बकाया ब्याज राशि के माफ किया गया है। इसके अलावा अब 500 वर्ग गज तक के मीटर्ड आवासीय संपत्तियों को दस किलो लीटर प्रति माह तक निशुल्क पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। इससे 23 लाख घरों को हर साल 28 करोड़ का लाभ मिलेगा। वित्त मंत्री ने पानी व सीवर के बिलों पर 140 करोड़ का सरचार्ज माफ करने का ऐलान करते हुए कहा कि वर्तमान में नगर निकायों के पास अपना कोई स्वर्ग रोहिणी वाहन नहीं है।

### फरीदाबाद गोल्फ कोर्स बनेगा रिक्रिएशन एवं स्पोटर्स डेस्टिनेशन

हरियाणा के वित्त मंत्री नायब सैनी ने बजट में फरीदाबाद स्थित अरावली गोल्फ केर्स के आधुनिक मानकों के अनुसार उन्नत करने का ऐलान करते हुए इसे रिक्रिएशन एवं स्पोटर्स डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का ऐलान किया गया है। सोमवार को बजट पेश करते हुए नायब सैनी ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष के दौरान पिंजौर में फिल्म सिटी का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यतागत धरोहर केंद्र के रूप में पानीपत युद्धभूमि व्याख्या केंद्र के एक प्रमुख सैन्य इतिहास परियोजना के रूप में 16 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। मुख्यंत्री ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 380.80 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है। हरियाण में वृक्षों के बढ़ावा देने तथा प्लाईवुड उद्योग की मजबूती के लिए हरियाणा राज्य एग्रो फोरेस्ट्री पॉलिसी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में प्राण वायु देवता पेंशन योजना शुरू करने का फैसला लिया था। इस योजना के तहत 1541 पेड़ों को पेंशन दी जएगी। इसके अलावा पूर्व समय के दौरान चिन्हित 3819 पेड़ों को भी पेंशन दी जाएगी। कुल 5360 पेड़ों के लिए वर्ष 2026-27 में पेंशन को मंजूरी प्रदान की गई है। दुलर्भ व संकट ग्रस्त वृक्षों को बचाने एवं संरक्षण के लिए किसानों के प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। करनाल जिले के हसनपुर 100 एकड़ भूमि पर 50 करोड़ की लागत से डियर पार्क बनाया जाएगा।

### हरियाणा के बजट पर पक्ष और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं



बजट पूरी तरह से दिशाहीन, जुमलों से भरा और जन-विरोधी है। तीन घंटे से अधिक का भाषण सिर्फ दिखावा था, जबकि किसान, युवा, मजदूर, एससी/बीसी समाज और आम नागरिकों की असली समस्याओं पर चुप्पी साध ली गई। कर्ज़ का बोझ बढ़ता जा रहा है, हर हरियाणवी पर लाखों का कर्ज़ हो गया है। बजट में केवल वादे और छोटे-मोटे ऐलान मिले हैं।

-रणदीप सुरजेवाला, राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस।



ये बजट नहीं, बल्कि कोरी भाषणबाजी है, जिसमें कुछ भी हकीकत नहीं है।बीजेपी ने हरियाणा को 5.56 लाख करोड़ के कर्जे तले दबा दिया है। क्योंकि 2026-27 के आंतरिक ऋण 3,91,435 करोड़ रुपये है। छोटी बचतें अनुमानित 50,000 करोड़ रुपये हैं, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम 68,995 करोड़ (2025-26 के अनुसार), और अतिरिक्त देनदारियां (बिजली बिलों का बकाया व सब्सिडी) 46,193 करोड़ हैं। यानी कुल राज्य पर कुल ऋण लगभग 5,56,623 करोड़ रुपये पहुंच चुका है, जो भारी वित्तीय दबाव और अर्थव्यवस्था की खस्ता हालत को दिखाता है।

-भूपेंद्र सिंह हुड्डा, नेता प्रतिपक्ष, हरियाणा।



बजट में लाखों कर्मचारियों , मजदूरों और पेंशनर्स की मांगों की खुली अनदेखी की गई है और बजट कर्मचारी व मजदूर विरोधी और निराशाजनक है। जिसके खिलाफ कर्मचारियों और मजदूरों में भारी आक्रोश है और शीघ्र सरकार को इसका माकूल जवाब दिया जाएगा। बजट में कर्मचारियों और पेंशनर्स के कोविड कॉल में फ्रीज किए गए 18 प्रतिशत डीए डीआर को रिलीज करने का कोई जिक्र तक नहीं किया गया और ना केन्द्र की तर्ज पर 50 प्रतिशत डीए होने पर हाउस रेंट अलाउंस के स्लैब को बदलकर 10,20 व 30 प्रतिशत करने का घोषणा की गई है।

-सुभाष लांबा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ



बजट 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ रूपए रखा गया है जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 18 हजार करोड़ बढ़ाया गया है। कर्ज में जो प्रस्तावित बढ़ोतरी है वो 40 हजार करोड़ रूपए है। सरकार पिछले ग्यारह सालों से प्रदेश के उपर लगातार भारी कर्ज बढ़ाती जा रही है। जिन मदों में बढ़ोतरी की गई है वो उंट के मुंह में जीरे के समान है। आर्थिक सेवाओं के मद में जो प्रावधान रखा गया है वो राशि 0.52 प्रतिशत कम है जिससे ग्रामीण विकास व पंचायत सेवाओं में कोई सुधार नहीं आएगा।

-अभय चौटाला, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो।

## एक नजर

### पिहोवा में विकास कार्यों की सौगात, कई गांवों में किए शुभारंभ

**पिहोवा.** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा (डीडी) ने हल्का पिहोवा के विभिन्न गांवों का दौरा कर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। गांव थाना में आयोजित महा हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए जय भगवान शर्मा (डीडी) ने कहा कि हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक समरसता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित और जागरूक होता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है।अपने दौरे के दौरान गांव थाना, मॉडल टाउन पिहोवा, सैंसा, संधौली, रुआ, सारसा, भौर सैदा सहित अन्य गांवों में लगभग एक करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया गया। इन कार्यों में गलियों के निर्माण, चौपालों पर शेड निर्माण तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल रहे। अपने संबोधन में जय भगवान शर्मा (डीडी) ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली और प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस अवसर पर,विनोद डोलिया पूर्व मंडल प्रधान,राकेश पुरोहित पूर्व मंडल प्रधान,जस्सी शर्मा गुरतेज गुज्जर अर्नेचा ,रामलाल जगदीश सेठी सरपंच संधौली,पवन शर्मा डारेक्टर कॉपरेटिव बैंक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पक्के घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया

**रादौर।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से होली के त्योहार को लेकर सोमवार को शहर के पक्के घाट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान लगभग एक घंटे चला। जिसमें नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने भी अपना योगदान दिया। क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि शहर के पक्के घाट पर त्योहारों व विशेष अवसरों को लेकर भारी संख्या में शहर के लोग पक्का घाट पर पूजा अर्चना के लिए पहुंचते है। ऐसे में श्रद्धालु अपने साथ काफी संख्या में पॉलिथीन व अन्य सामग्री लेकर आते है। जो पूजा अर्चना के बाद भारी मात्रा में गंदगी घाट पर छोड़ जाते है। जिससे वातावरण दूषित होता है और पश्चिमी यमुना नहर में भी भारी मात्रा में गंदगी फैलती है। स्थानीय लोग इसको लेकर जागरूक नहीं है। जिससे शहर का लगभग 185 वर्ष पुराना पक्का घाट दूषित हो रहा है। शहर की नगरपालिका ने लाखों रूपये खर्च कर पक्के घाट का निर्माण करवाया था। जिससे पक्के घाट की सुंदरता में चार चांद लग गए थे। लेकिन जिस प्रकार लोग धार्मिक आयोजनो के दौरान व हर रोज अपने घरों का कूड़ा घाट पर डालकर घाट को दूषित कर रहे है, इससे घाट की सुंदरता को ग्रहण लगता है। सरकार व प्रशासन साफ सफाई को लेकर लंबे समय से स्वच्छता अभियान चलाते आ रहे है। लेकिन इसके बावजूद बहुत से लोग सार्वजनिक स्थलों को दूषित करने का काम कर रहे है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे पक्के घाट पर गंदगी न फैलाए। घाट को साफ सुथरा रखने में सहयोग करे।

### सीएम ने पेश किया कल्याणकारी बजट: सक्षम भाटिया

**सफीदों.** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का राज्य का 12वां बजट पेश किया। लगभग रुपये 2,23,658.17 करोड़ के इस जनकल्याणकारी बजट में प्रदेश के समग्र विकास, किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने बतौर वित्त मंत्री प्रदेश को विकास की नई दिशा देने वाला दूरदर्शी बजट प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए विकसित हरियाणा के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। भाटिया ने कहा कि बजट में हर वर्ग — किसान, युवा, महिला, व्यापारी और गरीब परिवारों के हितों का ध्यान रखते हुए रोजगार, तकनीक, ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है।

### हरियाणा के बजट से स्टार्टअप, स्वरोजगार एवं औद्योगिक आधारभूत संरचना को मिलेगा सशक्त बलः डॉ. अशोक रंगा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**रोहतक.** हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के लगभग रुपये 2.23 लाख करोड़ (रुपये 2,23,000 करोड़) के बजट का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर, औद्योगिक रूप से सुदृढ़ और रोजगारपरक राज्य बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के साथ प्रस्तुत यह बजट हरियाणा की मजबूत आर्थिक स्थिति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. रंगा ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था निरंतर विस्तार कर रही है और प्रति व्यक्ति आय लगभग रुपये 3.5 लाख से अधिक के स्तर तक पहुंचना इस बात का संकेत है कि हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि संतुलित राजकोषीय प्रबंधन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग के कारण ही सरकार विकास योजनाओं पर व्यापक निवेश करने की स्थिति में है। उन्होंने बजट में किए गए पूंजीगत व्यय के प्रावधान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 28,205 करोड़ का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया गया है।

यह राशि औद्योगिक आधारभूत संरचना, सड़कों, कनेक्टिविटी, सार्वजनिक परिसंपत्तियों और अन्य विकास परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी। इससे न केवल प्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत होगा बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। डॉ. रंगा ने कहा कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए दीर्घकालिक पट्टा व्यवस्था और फैक्ट्रीयों का -प्लग एंड प्ले' मॉडल जैसे कदम रोजगार पैदा करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### कला सृष्टि मंच का होली के रंग अपनों के संग कार्यक्रम बना यादगार उत्सव

**कुरुक्षेत्र.** नगर की कला और संस्कृति को समर्पित संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा होली के पावन अवसर पर होली के रंग अपनों के संग एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन रेलवे रोड स्थित एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित परिवारों के सदस्यों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को रंगमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक फाग गीतों और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुई। वरिष्ठ सदस्यों एवं महिलाओं ने होली के पारंपरिक गीतों, नृत्य एवं समूह प्रस्तुतियों के माध्यम से आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। मंच पर प्रस्तुत हर कार्यक्रम ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरे सभागार में उल्लास एवं आत्मीयता का वातावरण छा गया। संस्था के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बृज किशोर शर्मा ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि रिश्तों को स्नेह के रंग से सराबोर करने का अवसर है।

### घरौंडा की नई अनाज मंडी में भव्य हिंदू सम्मेलन



**घरौंडा.** घरौंडा की नई अनाज मंडी में समस्त हिंदू समाज के सहयोग से भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के संत-महापुरुष, सामाजिक चिंतक और गणमान्य लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। सम्मेलन का उद्देश्य धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को एकजुट करना रहा। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पवित्र हवन-यज्ञ से हुई। श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद सुबह 10:30 बजे मुख्य कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

आयोजन के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हरिद्वार के बाबा बंसी वाले आश्रम का विशेष सहयोग रहा।

दण्डी स्वामी शंकर आश्रम जी महाराज ने अपने संबोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। महंत श्री हरि हरानन्द गिरी जी महाराज (स्वामी जीतपुरी मंदिर, प्राचीन शिवालय) ने संस्कारों के संरक्षण पर जोर दिया। ब्रह्माकुमारी आश्रम घरौंडा की बी. के. रेनू दीदी ने आत्मिक शांति और सकारात्मक समाज निर्माण की बात कही। संत राजीव दास (रविदास आश्रम, बेगमपुर) और योगाचार्य श्री सुखदेव नाथ जी ने भी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे मोहिंदर सिंह, कुरुक्षेत्र सह विभाग कार्यवाह, आरएसएस ने हिंदू समाज के सामने मौजूद चुनौतियों और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल गर्ग ने सम्मेलन की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडी प्रधान हैप्पी पसरिचा मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान छात्र उत्कृष्ट सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न स्कूलों के 50 विद्यार्थियों को अलग-अलग कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन समिति के महासचिव धीरज भाटिया ने किया। अंत में धन्यवाद प्रस्ताव ईश्वर गुप्ता ने रखा। इस अवसर पर दिनेश चौहान, रोहित कौशिक, संजय, जोगिंदर गुप्ता, वीर सिंह राणा, भावुक चुग, संजय सचदेवा, महेंद्र सोनी, रामकुमार, संजय शर्मा, रोहित वाधवा, नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता, वर्तिका फाउंडेशन से एषणा कल्याण, अनिल जावा, पुरुषोत्तम, विनोद जैन, सुरेंद्र जैन, महिंद्रा चौहान और तनु गुप्ता सहित शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, मंदिरों के पुजारी और हजारों लोग मौजूद रहे।

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुलेवाला में ट्विनिंग कार्यक्रम आयोजित

**नारायणगढ.** राजकीय माध्यमिक विद्यालय पुलेवाला में मुख्याध्यापक धर्मपाल की अध्यक्षता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर राजपूताना के बच्चों के लिए ट्विनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दोनों विद्यालयों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दोनों विद्यालयों के अध्यापकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान प्रदान किया। मंच संचालन शिक्षक अमरीक सिंह द्वारा किया गया। मुख्याध्यापक धर्मपाल ने बच्चों को विभिन्न तकनीकी कोर्सेज बारे जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया। मुख्याध्यापक धर्मपाल द्वारा खानपुर राजपूताना स्कूल के बच्चों को उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर खानपुर राजपूताना स्कूल के मुख्याध्यापक सुरिंदर धीमान, कविता गर्ग, रीना देवी, मैडम सराज, इंचार्ज रजनी बाला, जगविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, अमरीक सिंह व जय भगवान मौजूद थे।

### ईंट भट्ठो में आ रही दिक्कतों को लेकर हुई एक समूह मीटिंग

**टोहाना।** आज टोहाना सर्कल के आसपास के सभी ईंट भट्ठो के मालिकों की एक मीटिंग डु.द्व सुट होटल टोहाना में हुई जिसमें कनेहड़ी ,नेहरा, टोहाना ,खनोरी, नरवाना झील तथा मुनक मार्केट के भट्ठा मालिक शामिल हुए । जिसमें ईट बनाने के लिए उपयोग में आने वाली मिट्टी कोयले के रेट में भारी उछाल के कारण ईंट भट्ठो में ईंट बनाने की लागत में आ रही दिक्कतों को सामना करने पर विचार विमर्श करने पर यह बताया गया कि पंजाब के सभी ईंट भट्ठो 20.05.2026 से ही पुण्यात है पूर्ण बंद करने पर सहमति हो चुकी है और साथ-साथ यह भी बताया कि इस सीजन की ही तरह अगले सीजन में भी 15 11.26 से ही ईंट भट्ठए चलेंगे अगले सीजन के लिए यह सहमति भी हो चुकी है। सभी मीटिंग में आए मालिकों ने आपस में विचार विमर्श कर ईंट के नए रैटों के भाव भी तय किये मौजूदा स्थिति देखते हुए ईंट का भाव एनसीआर से बाहर 7000 पर वह नरवाना क्षेत्र में 7500 प्रति हजार करने पर सहमति हुई।

## हरियाणा दिवस तक राज्य के सभी स्कूलों में होंगे ड्यूल डेस्क

### प्रदेश के 250 स्कूल सीएम-ईईई स्कूल के रूप में होंगे विकसित, 250 स्कूलों में 25 करोड़ की लागत से अटल टिंकरिंग लैब

**चंडीगढ़.** हरियाणा के वित्त मंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के सभी स्कूलों को टाट पट्टी मुक्त करते हुए ड्यूल डेस्क प्रदान करने का ऐलान किया है। आगामी हरियाणा दिवस 01 नवंबर 2026 तक सभी राजकीय स्कूलों में ड्यूल डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2027-28 में एक भी राजकीय स्कूल में एक भी बच्चे को टाट-पट्टी पर नहीं बैठेगा। हर 10 किलोमीटर के दायरे में एक मॉडल संस्कृति स्कूल खोलने की पिछली बजट घोषणा के अनुपालन में आज तक 25 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल शुरू हो गए हैं। वर्ष 2026-27 में 250 स्कूलों को सीएम (एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश) सीएम (ईईई) स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा। हर कक्षा में हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से शिक्षा देने वाले ये स्कूल हरियाणा बोर्ड से संबंधित होंगे। पिछले बजट में घोषित 615 नई स्टेम लैब में से अब तक 391 स्टेम लैब बना दी गई हैं। वर्ष 2026-27 में 250 अन्य स्कूलों में 25 करोड़ की लागत से अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएगी। जर्मन व जापानी भाषाएं पढने् की सुविधा देने के लिए 100 अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्ष 2026-27 में 3328 राजकीय उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में खेल मैदान के विकास के लिए एक-एक लाख प्रति स्कूल देने का प्रस्ताव है। स्टेम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छठी से 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी संस्थानों का भ्रमण कराए जाने की घोषणा के क्रियान्वयन से 186 विद्यार्थियों को इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थानों का भ्रमण करवाया गया। आगामी सत्र में इसे जारी रखने के साथ कक्षा 11वीं के 100 विद्यार्थियों के लिए भी अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण करवाया जाएगा। शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सभी 8,600 प्राथमिक सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बाल वाटिका-3 के सभी 88,434 विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ अब 10 करोड़ की लागत से स्टेशनरी, यूनिफार्म एवं स्कूल बैग भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

#### दोहरी पाली में चल रहे 25 स्कूल एकल पारी में होंगे परिवर्तित

राज्य के बराड़ा, भूना और कुरुक्षेत्र में 03 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को 31 मार्च 2026 तक एकल पाली में परिवर्तित कर दिया जाएगा। अब वर्ष 2026-27 में भिवानी, करनाल, फरीदाबाद, नूह, पंचकूला, पानीपत और पलवल में दोहरी पाली में चल रहे 25 स्कूलों को एकल पाली में परिवर्तित किया जाएगा। प्रदेश में स्थानीय स्तर पर अधिक वेतन वाली नौकरियों के अवसर सृजित करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 से भविष्य-केंद्रित, इंडस्ट्री-अलाइन्ड और इंटरडिसिप्लिनरी एकेडमिक प्रोग्राम्स को संचालित किया जाएगा। जिनमें पर्यावरणीय इंजीनियरिंग, साइबर फोरेंसिक्स और इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, शुगर टेक्नोलॉजी और ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग शामिल होंगे। प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पेटेंट पंजीकरण शुल्क की 50,000 तक की शत प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। गांव मऊ लोकरी (गुरुग्राम), गांव खेड़ी तलवाना (महेंद्रगढ), नारायणगढ़ (अंबाला) और कवि (पानीपत) में चार नए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान स्थापित करने के लिए इस वित्त वर्ष के लिए 55 करोड़ का प्रस्ताव है।

### समाधान शिविर में ग्रामीणों ने रखी समस्याएं, एसडीएम ने दिए समाधान के निर्देश

**नारायणगढ़.** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसविन्द्र सिंह बख्शुआ व संजीव गुजर धनाना व रीडर नवीन सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शहजादपुर के दिनेश जोशी, संदीप और बलवीर सिंह ने अनाज मंडी के सामने गली में पानी और सीवरेज लाइन को ठीक करवाने का अनुरोध किया। गांव ओखल के गुलजार मोहम्मद ने कच्चे रास्ते को पक्का करवाने की मांग रखी। गांव तंदवाल के तरसेम और मलकीत सिंह ने गंदे पानी की निकासी से संबंधित समस्या उठाई, जबकि गांव भारांपुर के विशाल सिंह ने बिजली के थ्री फेस कनैक्शन एवं बिजली की तारों के नीचे लटकने से सम्बंधित रखी। गांव रऊमाजरा के किसान शराफत अली ने कृषि भूमि में लगे ट्यूबवेल पर कम वोल्टेज आने की समस्या बताते हुए एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने का अनुरोध किया।

# सेफ जॉन टास्क में दिव्या अग्रवाल का दिखा दम





द 50 हर गुजरते दिन के साथ इंटरेस्टिंग होता जा रहा है। धीमी शुरुआत के बाद, शो ने रफ्तार पकड़ी है और ऑडियंस का ध्यान खींचा है, जब द 50 शुरू हुआ था तो यह ज्यादातर फालतू लड़ाइयों के बारे में था, लेकिन अब फोकस गेम पर आ गया है। कंटेस्टेंट चैलेंज जीतने और गेम के अगले स्टेज में आगे बढ़ने के लिए अलायंस बना रहे हैं, ताकि ग्रैंड फिनाले में जगह पक्की कर सकें। शो के आने वाले एपिसोड बहुत ही धमाकेदार होने वाले हैं, जिन्हें मिस नहीं किया जा सकता है। इस सीजन का सबसे चर्चित टास्क ड्रम रोल चैलेंज था, जिसमें रिद्धि डोगरा को उनकी परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली। वहीं, दिव्या अग्रवाल ने भी अपना बेस्ट दिया। अब सवाल यह है कि सेफ जॉन में किसने अपनी जगह बनाई और कौन डेंजर जोन में है? 50वें दिन दिव्या अग्रवाल ने बहुत ज्यादा प्रेशर के साथ ड्रम रोल चैलेंज का सामना किया। दिव्या की टीम राउंड नहीं जीती फिर भी एलिमिनेशन नहीं हुआ। इस एपिसोड में दिव्या की हिम्मत, कंट्रोल और थकान के बावजूद टास्क करना सभी के लिए खास बात थी। ड्रम रोल चैलेंज के दौरान, दिव्या ने ड्रम को लगातार मूवमेंट के साथ संभाला। यह खास गेम टीम हार गई, लेकिन दिव्या द 50 में सुरक्षित हैं। रिद्धि डोगरा द 50 में एक टेंशन भरे ड्रम रोल चैलेंज के बाद भी गेम में मजबूती से बनी रहीं। एपिसोड में दिखाया गया कि रिद्धि प्रेशर में भी कड़ी मेहनत कर रही थीं, जिससे पता चलता है कि क्यों कई कंटेस्टेंट अब भी रिद्धि को अपने से बेहतर कंटेस्टेंट मान रहे हैं। इस राउंड में हार के बावजूद, द 50 में रिद्धि की जगह पक्की रही। पहले के टास्क में परफॉर्मेंस ने रिधि को एलिमिनेशन से बचाया। एपिसोड में इस बात पर जोर दिया गया कि लगातार कोशिश और कंसिस्टेंसी भी उतनी ही वैल्यू रखती है, जितनी जीत। द 50 के ड्रम रोल चैलेंज इस सीजन का सबसे जरूरी टास्क था, जिसमें कंटेस्टेंट्स को एक बड़े रोलिंग ड्रम के अंदर चढ़ना था और ज़मीन पर एक तय जगह तक जाना था। उस जगह पर हर पार्टिसिपेंट की फोटो रखी गई थीं, जिससे फिजिकल मेहनत के साथ एक मेंटल टेस्ट भी जुड़ गया। द 50 ड्रम रोल चैलेंज में मार्क किए गए जोन में पहुंचने के बाद, हर पार्टिसिपेंट को सही फोटो ढूंढकर चुननी थी। फिर कंटेस्टेंट्स को ड्रम को वापस स्टार्टिंग लाइन पर रोल करना था। इस फॉर्मेट में ताकत, बैलेंस, स्टैमिना और कॉन्संट्रेशन का टेस्ट किया गया, जिससे द 50 टास्क एक पूरा वर्कआउट बन गया

## तुम्बाड 2' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एंट्री, कल्ट हॉरर फैंचाइजी को मिलेगा नया खौफ



कल्ट हॉरर फिल्म 'तुम्बाड' के सीक्वल 'तुम्बाड 2' में अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी नजर आएंगे। मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर उनकी एंट्री कन्फर्म कर दी है। इस घोषणा के साथ ही फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अपनी लेयर्ड और इंटेंस एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन का इस यूनिवर्स से जुड़ना एक बड़ा क्रिएटिव फैसला माना जा रहा है। हालांकि उनके किरदार की डिटेल्स फिलहाल सीक्रेट रखी गई हैं, लेकिन सूत्रों के मुताबिक वह कहानी में अहम भूमिका निभाएंगे। उनका रोल फिल्म के साइकोलॉजिकल और इमोशनल टोन को और गहरा करेगा, जो दर्शकों के नैतिक सवालों को भी चुनौती दे सकता है। 'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी उत्साहित हैं।

'तुम्बाड 2' का हिस्सा बनकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी उत्साहित हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, मैं 'तुम्बाड' की ऑरिजिनैलिटी और उसके डार्क माहौल का हमेशा से प्रशंसक रहा हूं। जब सोहम शाह ने मुझे सीक्वल का विजन सुनाया, तो कहानी ने तुरंत आकर्षित किया। यह एक इम्मर्सिव और पैशनेट प्रोजेक्ट है, जिसका हिस्सा बनकर मैं उत्साहित हूं। सोहम शाह इस फ्रैंचाइजी को एक्टर और प्रोड्यूसर दोनों रूपों में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाज जैसे दमदार कलाकार का जुड़ना फिल्म के इमोशनल आयाम को नई ऊंचाई देगा। वो हर किरदार में सच्चाई और शिद्दत लेकर आते हैं। 'तुम्बाड 2' में उनका रोल कहानी की गहराई बढ़ाएगा फिल्म को पेन स्टूडियोज का साथ भी मिला है। प्रोड्यूसर डॉ. जयंतीलाल गड़ा ने कहा कि स्टूडियो हमेशा बेहतरीन कंटेंट के लिए प्रतिबद्ध रहा है और 'तुम्बाड 2' को बड़े सिनेमाई स्तर पर पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि पेन स्टूडियोज ने 'कहानी', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'ऋऋ' जैसी फिल्मों से मजबूत पहचान बनाई है। तुम्बाड 12 अक्टूबर 2018 को रिलीज हुई थी। इसे 13 सितंबर 2024 को थिएटर्स में दोबारा रिलीज किया गया था। तुम्बाड 12 अक्टूबर 2018 को रिलीज हुई थी। इसे 13 सितंबर 2024 को थिएटर्स में दोबारा रिलीज किया गया था। जल्द ही शूटिंग शुरू होने वाली 'तुम्बाड 2' अब साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल हो गई है।

## जॉन अब्राहम से बोमन ईरानी तक, 7 सितारे जिनका ईरान से है सीधा कनेक्शन, रगों में दौड़ता है पारसी खून

मिडिल ईस्ट में बढ़ते राजनीतिक तनाव और हाल ही में ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबरों ने दुनिया भर में हलचल पैदा कर दी है। इस वैश्विक घटनाक्रम का असर मनोरंजन जगत पर भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में ईरान में जन्मी बॉलीवुड अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने सोशल मीडिया पर खामेनेई की मौत पर अपनी खुशी जाहिर की, जिसके बाद वह सुर्खियों में आ गईं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य विवाद के इस दौर में उन बॉलीवुड कलाकारों की चर्चा भी तेज हो गई है, जिनका संबंध ईरान से है। भारतीय सिनेमा का ईरान के साथ रिश्ता काफी पुराना और गहरा रहा है, जहां कई कलाकारों ने अपनी जड़ों को ईरान से जोड़ते हुए बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

**एलनाज नोरौजी:** एलनाज नोरौजी पिछले नौ वर्षों से भारतीय फिल्म उद्योग में सक्रिय हैं। ईरान में जन्मी एलनाज ने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। उन्हें सबसे अधिक पहचान नेटफ्लिक्स की मशहूर क्राइम थ्रिलर सीरीज सेक्रेड गेम्स से मिली, जहाँ उनके अभिनय की काफी सराहना की गई। अभिनय के अलावा, वह अपने बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए भी जानी जाती हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उनके द्वारा व्यक्त की गई राय ने उन्हें सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना दिया है।

**मंदाना करीमी:** ईरानी मूल की दूसरी बड़ी कलाकार मंदाना करीमी हैं। मंदाना ने एक सफल मॉडल के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी और बाद में बॉलीवुड का रुख किया। उन्होंने भाग जॉनी और क्या कूल हैं हम 3 जैसी फिल्मों में काम किया है। रियलिटी शो बिग बॉस में आने के बाद उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई थी। मंदाना अक्सर ईरान में महिलाओं के अधिकारों और वहां की राजनीतिक स्थिति पर अपनी राय बेबाकी से रखती रही हैं।

**सजाद डेलाफ्रूज:** सजाद डेलाफ्रूज एक और ईरानी अभिनेता हैं जिन्होंने हिंदी फिल्मों में अपनी एक खास जगह बनाई है। उन्हें सबसे बड़ी सफलता सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म टाइगर जिंदा है से मिली, जिसमें उन्होंने मुख्य विलेन अबू उस्मान की दमदार भूमिका निभाई थी। इसके अलावा वह नीरज पांडे की मशहूर सीरीज स्पेशल ऑप्स में भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके हैं।

**आगा:** भारतीय सिनेमा के शुरुआती दौर में भी ईरानी मूल के कलाकारों का बड़ा योगदान रहा है। अभिनेता आगा, जिन्होंने 1935 से 1986 तक फिल्म जगत की सेवा की, ईरानी मूल के ही थे। उन्होंने अपने करियर में लगभग 300 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें विशेष रूप से उनके कॉमिक किरदारों के लिए याद किया जाता है। फिल्म शोले (1975) के कालजयी गीत महबूबा महबूबा... में भी उनकी झलक देखी जा सकती है। आगा के पिता मूल रूप से ईरान से थे, जो पुणे आकर बस गए थे, और बाद में आगा काम की तलाश में बॉम्बे (मुंबई) आए और हिंदी सिनेमा के एक अनिवार्य अंग बन गए।

**जॉन अब्राहम:** बॉलीवुड के दो सबसे नामी अभिनेता जॉन अब्राहम का संबंध भी ईरान की मिट्टी से जुड़ा है। जॉन अब्राहम का जन्म भले ही मुंबई में हुआ हो, लेकिन उनकी मां एक ईरानी जोरोस्ट्रियन (पारसी) हैं, जबकि उनके पिता केरल के मलयाली सीरियन क्रिश्चियन हैं। जॉन अक्सर अपनी बहु-सांस्कृतिक पहचान का उल्लेख करते हैं।

**अरुणा ईरानी:** दिग्गज अभिनेत्री अरुणा ईरानी का ईरान से सीधा संबंध उनके पैतृक मूल से जुड़ा है। उनके पिता फरेदुन ईरानी, मूल रूप से ईरानी थे, जबकि उनकी माता, सगुना, एक हिंदू परिवार से थीं। एक्ट्रेस के पिता ड्रामा कंपनी चलाते थे।

**बोमन ईरानी:** बोमन ईरानी का जन्म भी मुंबई के एक ईरानी जोरोस्ट्रियन परिवार में हुआ था। ये दोनों कलाकार दिखाते हैं कि कैसे ईरानी विरासत ने भारतीय संस्कृति और सिनेमा को समृद्ध किया है।

## 'नेतन्याहू-ट्रंप जैसे बदमाश, इरान के लिए पसीजा जावेद अख्तर का दिल, अमेरिका-इजराइल के लीडर को सुनाई खरी-खोटी

मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक अस्थिरता और सैन्य टकराव ने एक बेहद खतरनाक मोड़ ले लिया है। शनिवार 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए भीषण हमलों के बाद पूरे क्षेत्र में युद्ध की लपटें तेज हो गई हैं। जवाब में ईरान ने भी क?ा रुख अख्तियार करते हुए इजराइल और बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस जवाबी कार्रवाई के बाद न केवल युद्धग्रस्त क्षेत्रों में बल्कि अबू धाबी, दुबई, कतर और कुवैत जैसे व्यापारिक केंद्रों में भी धमाकों की खबरें सुनी गईं, जिससे पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। भारत के कई जानकार लगातार रिएक्ट कर रहे हैं। जावेद अख्तर का दिल भी इरान के लिए पसीजा और उन्होंने अमेरिका और इजराइल को खरी खोटी सुनाई है। पश्चिमी एशिया की इस बिगड़ती स्थिति पर भारत के मशहूर गीतकार और स्क्रीनराइटर जावेद अख्तर ने अपनी बेबाक राय साझा की है। 2 मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जारी अपने बयान में उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कड़ी आलोचना की। अख्तर ने दोनों नेताओं की कार्यशैली की तुलना बुलीज (दूसरों को डराने-धमकाने वाले) से करते हुए कहा कि इस बार ट्रंप और इजराइल ने अपनी सीमाओं को पार कर दिया है। उनका मानना है कि अगर उन्हें इस तरह की आक्रामकता जारी रखने दी गई और ईरान के साथ भी वैसा ही व्यवहार हुआ जैसा इराक के साथ हुआ था तो वैश्विक राजनीति में चीन अपनी पूरी विश्वसनीयता खो देगा। उन्होंने तर्क दिया कि नेतन्याहू और ट्रंप ने दूसरों को दीवार के सहारे खड़ा कर दिया है, जिससे अब उनके पास जवाबी हमला करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इस भीषण संघर्ष की जड़े हाल ही में हुए एक सैन्य ऑपरेशन से जुड़ी हैं। ईरान ने अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने की कसम खाई है, जो पिछले हफ्ते अमेरिका और इजराइल के एक संयुक्त सैन्य अभियान में मारे गए थे। रविवार को खामेनेई की मौत की आधिकारिक पुष्टि होने के बाद ईरान ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए यूएई, कुवैत, कतर और बहरीन में स्थित ठिकानों पर हमला किया। इन हमलों ने मध्य पूर्व में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है और मरने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ईरानी सरकारी मीडिया और रेड क्रिसेंट की रिपोर्टों के अनुसार जारी हमलों में अब तक कम से कम 201 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और 700 से अधिक लोग घायल हैं। मानवीय दृष्टिकोण से सबसे दुखद खबर मिनाब से आई, जहां अमेरिकी और इजराइली सैन्य हमले में एक गर्ल्स स्कूल को निशाना बनाया गया, जिसमें करीब 115 लोगों की मौत हो गई।

## सनी लियोन ने शेयर की अपनी इमोशनल मदरहुड जर्नी, फराह खान ने शेयर किया वीडियो



बॉलीवुड की एक प्रमुख फिल्म निर्देशक, कोरियोग्राफर, डांसर और निर्माता फराह खान इन दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग्स और मजेदार कुकिंग वीडियो के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। फराह अपने यूट्यूब चैनल पर कुक दिलीप कुमार के साथ वीडियो डालती है, जहां वह अलग-अलग सेलेब्स के साथ मजेदार कुकिंग रेसिपी, अनफिल्टर्ड बातचीत और डेली लाइफ ब्लॉग शेयर करती हैं, जो लोगों को काफी पसंद आता है। फराह ने सोमवार को अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो सनी लियोन के खूबसूरत घर पर नजर आ रही है। वीडियो में आपको सनी के लग्जरी हाउस टूर के साथ उनकी इमोशनल मदरहुड जर्नी और उनकी बेटी निशा की स्मार्ट इन्वेंशन देखने को मिलेगी। वीडियो में आगे सनी फराह के लिए कुकिंग करते हुए भी नजर आ रही है, जहां उन्होंने लेमन बटर पास्ता की रेसिपी फैंस के साथ शेयर की है। इसके अलावा आगे आपको फराह के कुक दिलीप की सनी के पति डेनियल वेबर के साथ फनी रेसलिंग फाइट भी देखने को मिलेगा। फराह के इस नए वीडियो में फैंस को सनी लियोन के खूबसूरत घर में हुई फुल ऑन कॉमेडी, हंगामा, खाना पकाने का मजा और उनकी मदरहुड की इमोशनल जर्नी के बारे में जानने को मिलेगा। फराह खान के कुक दिलीप कुमार उनके व्लॉग्स के माध्यम से एक सोशल मीडिया स्टार बन गए हैं। फराह अपने यूट्यूब वीडियो में कुक दिलीप के साथ मस्ती और नोक-झोंक करती नजर आती हैं, जो दर्शकों को काफी पसंद आता है। वहीं, फराह खान ने मैं हूं ना, ओम शांति ओम, और हैप्पी न्यू ईयर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसमें- 80 से अधिक फिल्में और 100 से यादा गानों की कोरियोग्राफी शामिल है। सनी लियोन एक कनाडाई-अमेरिकी अभिनेत्री, मॉडल और पूर्व एडल्ट फिल्म स्टार हैं, जो वर्तमान में बॉलीवुड में सक्रिय हैं। बिग बॉस सीजन 5 फेम सनी ने 2012 में आई जिस्म 2 फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद अभिनेत्री कई और फिल्मों और रियलिटी शो में नज़र आईं।

## त्रिदोष के असंतुलन का संकेत देती है जीभ, रंग से पहचाने शरीर के विकार

जब भी शरीर किसी वायरल या बीमारी से संक्रमित होता है, तो डॉक्टर सबसे पहले आंखें और जीभ की जांच करता है लेकिन क्यों? जीभ हमारे शरीर के स्वास्थ्य का आईना होती है, जो शरीर के भीतर चल रही गड़बड़ियों का संकेत देती है। आज हम आपको आयुर्वेद के अनुसार जीभ के बदलते रंग और शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताएंगे, जिससे आप खुद जान पाएंगे कि सब कुछ ठीक है या नहीं। कई लोगों की जीभ बहुत ज्यादा सफेद रहती है। यह कफ और आम दोष के बढ़ने का संकेत हैं। यह स्थिति तब आती है, जब खाना ठीक से पच नहीं पाता और शरीर में विषाक्त पदार्थ जमने लगते हैं। ऐसे में जीभ पर सफेद रंग की परत जमने लगती है। इससे बचने के लिए पाचन को दुरुस्त करना बहुत जरूरी है।

हल्की लाल या गुलाबी जीभ। आयुर्वेद के अनुसार, हल्की लाल या गुलाबी जीभ पित्त दोष की वृद्धि का संकेत देती है। यह तब होता है जब शरीर में गर्मी बढ़ जाती है और गैस और कब्ज की परेशानी होने लगती है। जीभ का हल्का लाल या गुलाबी रंग विटामिन बी-12 की कमी का भी संकेत हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में शरीर में हमेशा कमजोरी बनी रहती है और एसिड का उत्पादन तेजी से होता है। जीभ का हल्का पीला होना भी बीमारी का संकेत है। ऐसी स्थिति तब होती है, जब शरीर में पित्त और आम (टॉक्सिन) दोनों बढ़ने लगते हैं। यह मुख्य रूप से आंतों में जमा होते हैं और असर पूरे शरीर पर दिखता है। पीली जीभ यकृत पर बढ़ रहे भार को भी दिखाती है। अब लिवर अच्छे से हॉर्मोन का उत्पादन नहीं करता है, तब भी जीभ हल्की पीली हो जाती है। जीभ का शुष्क होना शरीर में वात दोष की वृद्धि को दिखाता है, और उसके साथ ही यह रस धातु की कमी का भी कारण है। ऐसा होने पर बार-बार प्यास लगती है, लेकिन पानी भी जीभ के सूखेपन को कम नहीं कर पाता। इससे बचने के लिए ऑयल पुलिंग का सहारा लिया जा सकता है। इससे पूरे मुंह के अंदर नमी बने रहेगी।




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com